## कार्यालय अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, सीआईडी (अपराध शाखा), राज. जयपुर।

कमांक :–न–5( ) पु.अ. / संस्था / सीबी / च.श्रे.कर्म.भर्ती / 2017 / 6200-07 दिनांक :– 5-12-2017

### –::विज्ञप्ति::–

वरिष्ठ शासन उप सचिव, गृह (ग्रुप–1) विभाग, राजस्थान जयपुर के पत्र कमांक प–4(35) गृह–1 / 2016 दिनांक 23.06.2017 एवं श्रीमान अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, मुख्यालय, राजस्थान जयपुर के पत्र कमांक न–5(2) पु.फो. / च.श्रे.कर्मचारी / 2016 / 4286 दिनांक 03.11.2017 की पालना में राजस्थान चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम 1999 के प्रावधानानुसार सीआईडी (अपराध शाखा), राजस्थान जयपुर में निम्न चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की भर्ती की जानी प्रस्तावित हैः–

| क्र.स. | पदनाम | रिक्त पद | पै मैट्रिक्स लेवल | आरक्षण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वीपर | 01 (एक) | L-1 | सामान्य वर्ग |

1. **राष्ट्रीयताः–** आवेदक भारत का नागरिक हो या राज. चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम 1999 के नियम 11 के अनुसार भारत का नागरिक होने हेतु अहर्ता प्राप्त हो।
2. **आयु सीमाः–** उक्त पद के लिए आवेदक की आयु सीमा 01.01.2018 से 18 वर्ष से कम तथा 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। राज्य कर्म., भू.पू.सै., अ.जा., अ.ज.जा., अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, विद्यवा व तलाक शुदा महिलाओं आदि को नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट देय होगी।
3. **न्यूतम शैक्षणिक योग्यताः–**

| क्र.स. | पदनाम | न्यूतम शैक्षणिक योग्यता | वांछित अनुभव |
|---|---|---|---|
| 1 | स्वीपर | किसी मान्यता प्राप्त स्कूल से कक्षा 05 वीं उत्तीर्ण हो | साफ–सफाई का अनुभव |

4. **चरित्र :–** आवेदक अपने चरित्र के सम्बन्ध में दो उत्तरदायी व्यक्तियों के (जो उसके रिश्तेदार न हो) के दो चरित्र प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगा एवं उक्त चरित्र प्रमाण पत्र आवेदक के आवेदन प्रस्तुत करने की तारीख से छः माह पूर्व के न हो। इसके अलावा आवदेन पत्र के इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करेगा कि उसे किसी न्यायालय द्वारा दोष सिद्ध किया जाकर दाण्डित नहीं किया गया है एवं उसके विरूद्ध किसी प्रकार का कोई दाण्डिक मामला न्यायालय में लम्बित नहीं हो और यदि आवेदक के विरूद्ध कोई दाण्डिक मामला न्यायालय में लम्बित है तो आवेदक को उक्त मामले का विवरण शपथ पत्र मे अंकित करना होगा। आवेदक उक्त शपथ पत्र नोटेरी अथवा प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट से अभिप्रमाणित करवाकर प्रस्तुत करेगा।
5. **शारीरिक योग्यताः–** आवेदक शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए तथा उसमें किसी प्रकार का शारीरिक या मानसिक दोष नहीं होना चाहिए, जो उसके इस पद के रूप में अपने कर्त्तव्यों का दक्षता पूर्वक पालन करने में बाधक हो और आवेदक का इस पद के लिए चयन होने पर उस सरकार द्वारा तत्प्रयोजनार्थ अधिसूचित चिकित्सा अधिकारी का इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
6. **संतान सम्बन्धी सूचनाः–** ऐसा कोई भी अभ्यर्थी जिसके दिनांक 01.06.2002 को या उसके पश्चात् 02 से अधिक संतान हो, सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा, परन्तु जहां किसी अभ्यर्थी के पूर्वतर प्रसव से एक ही संतान है किन्तु पश्चातवर्ती किसी एकल प्रसव से एक से अधिक संतान पैदा होती है तो संतानों की कुल संख्या की गणना करते समय इस प्रकार एक प्रसव में पैदा हुई संतानों को एक इकाई माना जाएगा।
7. **विवाह पंजीयनः–** राज्य सरकार के परिपत्र कमांक प–7(3) / कार्मिक / क–2 / 2006 दिनांक 30.06.2006 के अनुसार आवेदक के विवाहित होने की दशा में आवेदन पत्र में विवाह पंजीयन की सूचना अनिवार्यतः अंकित की जायेगी तथा विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रति या आवेदन का विवाह पंजीयन नहीं होने की स्थिति में उसे आवेदन पत्र के

संलग्न प्रारूप में 50/– रूपये के नॉन–ज्यूडिशियल स्टाम्प पर शपथ पत्र नोटेरी अथवा प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट से अभिप्रमाणित करवाकर प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

8. **वेतनमान/पेंशन योजनाः–** राज्य सरकार के आदेश कमांक एफ–15(7) एफडी (रूल्स) 97 दिनांक 14.01.2004 तथा राज्य सरकार की अधिसूचना संख्या एफ–15(1) एफडी/रूल्स/2017 दिनांक 30.10.2017 के अन्तर्गत (चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी) पद पर नियुक्ति के उपरान्त दो वर्ष की कालावधि के लिए परीविक्षाधीन के रूप में स्वीपर को 12400/– रूपये मासिक नियत पारिश्रमिक (Fix Remunereation) देय होगा तत्पश्चात् नियमानुसार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पद की वेतन श्रृंखला में वेतन व नियमानुसार अन्य भत्ते देय होंगे एवं राज्य सरकार द्वारा दिनांक 01.01.2004 से निर्धारित की गई अंशदायी पेंशन योजना देय होगी तथा नियुक्ति योग्य पाये जाने वाले अभ्यर्थी पर नवीन अंशदायी पेंशन योजना, मेडिकल अटैंडेंट रूल्स तथा राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि एवं स्थाई पारितोषण पर सभी नए नियम लागू होंगे।

9. **आवेदन पत्रः–** आवेदक को इस विज्ञप्ति में दिये गए प्रारूप के अनुसार आवेदन पत्र सुस्पष्ट लेखन में लिखा हुआ अथवा अंकित किया हुआ प्रस्तुत करना होगा। इस आवेदन पत्र के साथ विज्ञप्ति के पैरा संख्या 12 में बताये अनुसार वांछित प्रमाण पत्रों की सत्य प्रतिलिपी व शपथ पत्र आदि संलग्न करने होंगे। आवेदन पत्र पर निर्धारित स्थान पर आवेदक को अपना पासपोर्ट साईज फोटो लगाकर उस पर हस्ताक्षर करने होंगे इस के अलावा आवेदन पत्र पर आवेदक को दिनांक सहित अपने हस्ताक्षर करने होंगे।

10. **आवेदन पत्र की अन्तिम तिथिः–** इच्छुक अभ्यर्थी उपरोक्तानुसार आवेदन पत्र मय प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रतियां सहित दिनांक 20/12/17 को सांयकाल 06 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर या डाक द्वारा **"कार्यालय अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, सीआईडी (अपराध शाखा), पुलिस मुख्यालय, लालकोठी, जयपुर"** पर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि कें पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा।

11. **साक्षात्कारः–** आवेदन पत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि तक जिन आवेदकों के आवेदन पत्र बाद जांच सही पाये जायेंगे उन आवेदकों की साक्षात्कार हेतु सूची दिनांक 27/12/17 को कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जायेगी, जो कार्यालय समय में देखी जा सकती है तथा इन आवेदकों के साक्षात्कार दिनांक 5/1/18 को प्रातः 10.30 बजे सीआईडी (सीबी) मुख्यालय, लालकोठी, जयपुर के कार्यालय में आयोजित किया जायेगा, जिसकी सूचना पृथक से किसी भी आवेदक को प्रेषित नहीं की जावेगी तथा इस साक्षात्कार हेतु किसी आवेदक को कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

12. **आवेदन पत्र के साथ निम्न प्रमाण पत्रों की प्रतिलिपियां व शपथ पत्र संलग्न किये जावेंगेः–**
    1. जन्मतिथि सम्बन्धी प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतिलिपी।
    2. शैक्षणिक योग्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतिलिपी।
    3. जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतिलिपी।
    4. छः माह के अवधि के अन्दर के दो प्रतिष्ठित व्यक्तियों (जो आवेदक के रिश्तेदार न हों) के द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण पत्र।
    5. दोषसिद्धि नहीं होने आदि के बारे में शपथ पत्र
    6. संतान सम्बन्धी घोषणा पत्र
    7. विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतिलिपी अथवा आवेदन पत्र के संलग्न प्रारूप मे शपथ पत्र
    8. दहेज न लेने बाबत शपथ पत्र
    9. एक से अधिक पति/पत्नी न होने बाबत शपथ पत्र
    10. आवेदक के जिला नियोजन पंजीयन प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतिलिपी
    11. मूल निवास प्रमाण पत्र

नोटः— उपरोक्त सभी प्रलेख तथा प्रमाण पत्र आदि की सूची आवेदक को अपने स्वयं के हाथ से आवेदन पत्र के पीछे क्रमवार लिखनी होगी व इनके नीचे अपने हस्ताक्षर करने होंगे।

13. **अन्य आवश्यक निर्देश एवं शर्तेः—**

1. आवेदक के द्वारा अपने आवेदन पत्र के साथ संलग्न प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियां साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करेंगे।
2. आवेदक के द्वारा इस भर्ती में अपने पक्ष का समर्थन प्राप्त करने हेतु किसी भी तरीके से किया गया प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष प्रयत्न/सिफारिश पर उसे इस पद की भर्ती के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जावेगा।
3. काई भी पुरूष या महिला आवेदन जिसके 01 से अधिक जीवित पत्नियां/पति है, सेवामें नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा/होगी।
4. ऐसा विवाहित आवेदक जिसने विवाह में दहेज स्वीकार किया हो, सेवामें नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा/होगी।
5. ऐसे आवेदक जिनको राजस्थान लोक सेवा आयोग व अन्य किसी भी नियुक्ति प्राधिकारी गलत या कूटरचित प्रलेखों, सूचना प्रेषित करने एवं अनुचित साधन प्रयोगों में लाये जाने का दोषी घोषित किया गया है, वो इस नियुक्ति का पात्र नहीं होगा।

नोटः— उक्त विज्ञप्ति सम्बन्धी आवेदन प्रारूप विभाग की वेबसाईट **WWW.police.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर सकते है।**

(लक्ष्मण गौड़)<br>
पुलिस अधीक्षक,<br>
प्रशासन एवं पीआरसी,<br>
सीआईडी (सीबी), राज0, जयपुर।

प्रतिलिपीः— निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1. अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, सीआईडी (अपराध शाखा)/मुख्यालय, राज. जयपुर।
2. महानिरीक्षक पुलिस, मुख्यालय, राजस्थान जयपुर।
3. जिला कलक्टर, जयपुर।
4. निदेशक जन सम्पर्क निदेशालय, राज. जयपुर को भेजकर निवेदन है कि विज्ञप्ति को राज्य स्तरीय एवं स्थानीय एक—एक समाचार पत्र में प्रकाशित करने का श्रम करावें।
5. सहायक निदेशक, रोजगार कार्यालय जयपुर को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. जनसम्पर्क अधिकारी, सीआईडी (सीबी), जयपुर को भेजकर लेख है कि उक्त विज्ञप्ति का समाचार पत्रों मे प्रकाशन करवाने की कार्यवाही सम्पादित करावें।
7. प्रभारी पुलिस वैबसाईट सैल, सीआईडी (सीबी), जयपुर को भेजकर लेख है कि उक्त विज्ञप्ति को पुलिस विभाग की वैबसाईट पर अपलोड करावें।
8. नोटिस बोर्ड, सीबी मुख्यालय, जयपुर।

पुलिस अधीक्षक,<br>
प्रशासन एवं पीआरसी,<br>
सीआईडी (सीबी), राज0, जयपुर।

## कार्यालय अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, सीआईडी (अपराध शाखा), राजस्थान जयपुर।

## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (स्वीपर) के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र

**(विज्ञप्ति क्रमांक 6200—07 दिनांक 05.12.2017)**

आवेदक का
नवीनतम पासपोर्ट
साईज सत्यापित
फोटो मय हस्ताक्षर

### अनुसूची–II

1. आवेदित पद का नाम —
2. नाम आवेदक —
3. पिता / पति का नाम —
4. जाति —
5. आरक्षित वर्ग का नाम —
6. शैक्षणिक योग्यता —
7. जन्मतिथि (अंको में) —
   (शब्दों में)
8. पूर्ण स्थाई पता / थानाक्षेत्र — ..............................................................................................
   ..............................................................................................
   (मय मोबाईल नम्बर)
9. वर्तमान पता —
10. जीवित कुल संतानों का नाम जन्मतिथि सहित
11. कार्य का अनुभव (यदि कोई हो)
    (अ) संस्था का नाम ..........................................................
    (ब) अवधि कब से कब तक ..........................................................
12. वर्तमान नियुक्ति, यदि कोई हो, पद सेवा की अवधि व पदनाम —
13. किसी आपराधिक प्रकरण में संलिप्त रहे है अथवा नहीं, (यदि हां तो विवरण) —
14. पूर्व में किसी परीक्षा से निष्कासित किये गये है अथवा नहीं (यदि हां तो विवरण) —
15. रोजगार कार्यालय का पंजीयन कमांक व इसकी वैधता तिथि —
16. विवाह पंजीयन संख्या मय दिनांक —

आवेदक के हस्ताक्षर

:: घोषणा ::

मैं घोषणा करता / करती हूँ कि विज्ञप्ति के अनुसार चयन परीक्षा में सम्मलित होने की पात्रता रखता / रखती हूँ एवं मेरे द्वारा आवेदन पत्र में अंकित प्रत्येक सूचना पूर्णःत सत्य है। यदि चयन प्रक्रिया के दौरान उक्त सूचना में कोई असत्यता पाई जाती है, तो आवेदन निरस्त किया जाकर मेरे विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जा सकती है।

स्थान.....................

दिनांक..................

आवेदक के हस्ताक्षर